भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +3969

सोमवार, 28 मार्च, 2022/7 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन के अंतर्गत ट्रेकिंग को बढ़ावा देना

+3969. श्री इंद्रा हांग सुब्बाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत के पर्यटन क्षेत्र में ट्रेकिंग और हाइकिंग क्षेत्र द्वारा एकत्र किए गए राजस्व का राज्य-वार प्रतिशत कितना है; और

(ख) सरकार द्वारा पर्यटन में ट्रेकिंग को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ट्रेकिंग और हाइकिंग क्षेत्र सहित पर्यटन से उत्पन्न राजस्व के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।

(ख): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने पर्यटन में ट्रेकिंग सहित साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलें की हैं । जिनके विवरण इस प्रकार हैं:

i. वर्ष 2018 को 'भारतीय साहसिक वर्ष' के रूप में घोषित और प्रचारित किया गया था।

ii. पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वैच्छिक योजना के तहत वास्तविक साहसिक टूर ऑपरेटरों को दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वीकृति प्रदान करता है । भारत और विदेशों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया के साथ-साथ विभिन्न पर्यटन प्रदर्शनियों में अतुल्य भारत अभियान के हिस्से के रूप में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से हाइलाइट किया जाता है ।

iii. उपरोक्त के अलावा, देश में साहसिक पर्यटन के विकास और संवर्धन से संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु एक मंच के रूप में कार्य करने के लिए साहसिक पर्यटन पर एक कार्यबल का गठन किया गया है ।

iv. पर्यटन मंत्रालय के तहत गुलमर्ग स्थित भारतीय स्कीइंग और पर्वतारोहण संस्थान युवाओं को स्नो स्कीइंग, ट्रेकिंग, पैरासेलिंग, वाटर स्कीइंग आदि में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नियमित अल्पकालिक पाठ्यक्रम चलाता है ।

*****